बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

शुद्धि–पत्र

विज्ञापन संख्या – 05/2020 के अधीन खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार के अन्तर्गत बिहार खान एवं भूतत्व सेवा के मूल कोटि, खनिज विकास पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम निर्धारित तिथि – 30.06.2020 थी।

उक्त प्रकाशित विज्ञापन की कंडिका 5 (चयन की प्रक्रिया) में अंकित है कि अभ्यर्थियों को 03 विषयों – 1. सामान्य ज्ञान, 2. खनन अथवा भूतत्व एवं 3. खनिज नीति तथा संबंधित अधिनियम, नियमावली, विनियम की लिखित परीक्षा में शामिल होना होगा। तकनीकी कारणों से ऑनलाईन आवेदन के क्रम में उम्मीदवारों से ऐच्छिक विषय के चयन का प्रावधान नहीं किया जा सका था।

वैसे अभ्यर्थी, जो उक्त विज्ञापन के अन्तर्गत पूर्व में ऑनलाईन आवेदन भर चुके हैं, से खनन अथवा भूतत्व में से किसी एक ऐच्छिक विषय के चयन करने हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 08.09.2020 से 17.09.2020 तक जारी रहेगा।

अभ्यर्थी पूर्व में प्राप्त Login ID और Password से Login कर Dashboard पर प्राप्त बटन से ऐच्छिक विषय का चयन कर Submit करेंगे। इसके बाद Application Form का PDF डाउनलोड करेंगे। तदनुरूप डाउनलोड किये गये Application Form के हार्ड कॉपी को आयोग कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है। इसे अपने पास ही सुरक्षित रखेंगे।

4.9.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना